राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 285/2023

राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ बैठक की

पटना, 31 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ राजभवन में बैठक कर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लंबित परीक्षाफल का प्रकाशन एवं प्रमाण–पत्र का वितरण, सेवान्त लाभ के मामलों का निष्पादन एवं सी०बी०सी०एस० व सेमेस्टर सिस्टम पर आधारित स्नातक पाठ्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिये। बैठक में अन्तरविश्वविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'तरंग' एवं अन्तरविश्वविद्यालय खेलकूद कार्यक्रम 'एकलव्य' को पुनः शुरू कराने का निदेश दिया गया। कोविड महामारी के कारण ये कार्यक्रम फिलहाल बंद थे।

राज्यपाल ने तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय द्वारा छात्र दरबार लगाकर छात्र–छात्राओं की समस्याओं के निदान करने की पहल की प्रशंसा की।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....